# बी - राइड

## बेंगलुरु इंटीग्रेटेड रेल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एंटरप्राइज लिमिटेड




# चतुर्थ वार्षिक रिपोर्ट 2024-25

## कॉरिडोर 2 की प्रगति संबंधी अपडेट: बैय्यप्पनहल्ली-चिक्कबाणावरा मल्लिगे लाइन



बानसवाड़ी में राफ्ट सुदृढ़ीकरण कार्य तथा मल्लिगे लाइन के कस्तूरी नगर में पी 7 के लिए पियर शटर लगाने और पी 2 एवं पी 3 के लिए पोर्टल बीम क्रिब स्टेजिंग कार्य प्रगति पर है।

---

## SEMU (एसईएमयू) - प्रगति संबंधी अपडेट : कॉरिडोर-2 और कॉरिडोर-4




बेंगलुरु को हरा-भरा बनाना के लिए क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण के माध्यम से जीकेवीके तथा एनपीकेएल में बीडीए और बीबीएमपी के साथ मिलकर 1:10 के वृक्षारोपण अनुपात के तहत 87,000 पौधे लगाए गए, जो केआरआईडीई की सतत शहरी अवसंरचना के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

---

## ट्रैक दोहरीकरण परियोजना: कार्य प्रगति बैय्यप्पनहल्ली - होसुर (48 किमी) के बीच



ब्रिज नंबर 474 (प्रमुख पुल), अनेकल स्टेशन भवन निर्माण कार्य और बेलंदूर रोड स्टेशन पर अस्थायी ट्रैक डायवर्जन के लिए प्लेटफार्म कार्य पूरे हो चुके हैं।

# Bi-RIDE

# बेंगलूरु इंटीग्रेटेड रेल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एंटरप्राइस लिमिटेड

## चतुर्थ वार्षिक रिपोर्ट 2024-25

### विषय सूची


| क्रम सं. | विवरण | पेज नं. |
|---|---|---|
| 1. | निदेशक मंडल | 4 |
| 2. | चतुर्थ वार्षिक आमसभा की सूचना | 5 |
| 3. | वित्त वर्ष 2024-25 के लिए निदेशकों की रिपोर्ट | 9- 15 |
| 4. | वित्त वर्ष 2024-25 के लिए स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट | 16-27 |
| 5. | 31.03.2025 तक का तुलन पत्र (बैलेंस शीट) | 28 |
| 6. | 31.03.2025 तक का लाभ एवं हानि विवरण | 29 |
| 7. | 31.03.2025 तक का नकदी प्रवाह विवरण | 31 |
| 8. | 31.03.2025 तक वित्तीय विवरण एवं महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों पर टिप्पणियाँ | 32-49 |
| 9. | वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (सीएजी) की टिप्पणियाँ | 53 |


## पंजीकृत कार्यालय :

संपर्क सौधा, पहली मंजिल, सर्वे नंबर 8, (बी.ई.पी. परिसर), ओरियन मॉल के सामने, डॉ. राजकुमार रोड, राजाजीनगर पहला ब्लॉक, बैंगलोर - 560 010

# Bi-RIDE

## निदेशक मंडल

| | |
|---|---|
| **डॉ. शालिनी रजनीश, IAS** | अध्यक्ष |
| **श्री तुषार गिरि नाथ, IAS** | नामांकित निदेशक, कर्नाटक सरकार |
| **श्री लक्ष्मण सिंह, IRSE** | प्रबंध निदेशक, बी-राइड |
| **डॉ. विशाल आर., IAS** | नामांकित निदेशक, कर्नाटक सरकार |
| **श्री संजीव कुमार गर्ग, IRSE** | नामांकित निदेशक, रेल मंत्रालय |
| **श्री सी. एम. रंगनाथ, IRSE** | नामांकित निदेशक, रेल मंत्रालय |
| **श्रीमती कुसुमा हरिप्रसाद, IRAS** | नामांकित निदेशक, रेल मंत्रालय |
| **श्रीमती आडिवेप्पा पावटे अपर्णा, KAS** | नामांकित निदेशक, कर्नाटक सरकार |
| **श्री राजेश कुमार सिंह, IRSE** | पूर्णकालिक निदेशक |
| **श्री अवधेश मेहता, CA, ICWA, CPA** | पूर्णकालिक निदेशक |

### लेखा परीक्षक

| | |
|---|---|
| सांविधिक लेखापरीक्षक | **बी.एन. पाई एण्ड कंपनी**<br>बेंगलूरु |

### बैंकर्स

| **केनरा बैंक** | **स्टेट बैंक ऑफ इंडिया** |
|---|---|
| बेंगलूरु प्राइम<br>कार्पोरेट शाखा,<br>बेंगलूरु - 560001 | ओवरसीज ब्रांँच<br>नंबर 65, सेंट मार्क्स रोड<br>बेंगलूरु - 560001 |

# बेंगलूरु इंटीग्रेटेड रेल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एंटरप्राइस लिमिटेड

## शेयरधारकों को सूचना

**एतद् द्वारा सूचित** किया जाता है कि मेसर्स बेंगलुरु इंटीग्रेटेड रेल इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एंटरप्राइस लिमिटेड के शेयरधारकों की चतुर्थ वार्षिक साधारण बैठक **20 दिसंबर 2025 को मध्याह्न 12.30 बजे समिति कक्ष संख्या 313, तीसरी मंजिल, विधानसौधा, बैंगलोर-560001** में निम्नलिखित कार्यों को संपादित करने के लिए आयोजित होगी:-

## सामान्य कार्य

1. **वित्तीय विवरणों को अंगीकार करना :** कंपनी के 31 मार्च 2025 को समाप्त हुए वर्ष के लिए स्वतंत्र वित्तीय विवरण और निदेशक मंडल (बोर्ड) तथा लेखा परीक्षकों की रिपोर्टें, साथ ही कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 के अंतर्गत लेखा एवं लेखा परीक्षकों से प्राप्त टिप्पणियाँ।

   निम्नलिखित प्रस्तावों पर विचार करने और यदि उचित समझा जाए तो संशोधन सहित या बिना संशोधन के, एक साधारण प्रस्ताव के रूप में पारित करने के लिए:

   **यह संकल्प लिया जाता है कि** 1 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 की अवधि के लिए कंपनी के वित्तीय विवरण, साथ ही उनसे संलग्न सभी अनुसूचियां और नोट्स, जो बैठक में प्रस्तुत किए गए हैं, को अनुमोदित किया जाता है।

   **इसके अलावा यह भी संकल्प लिया जाता है कि** निदेशक मंडल और लेखा परीक्षकों की रिपोर्टों को, नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG) के प्रमाण पत्र सहित स्वीकार किया जाता है।

2. **वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए भारत के केंद्रीय लेखा परीक्षक द्वारा नियुक्त वैधानिक लेखा परीक्षकों के पारिश्रमिक को निर्धारित करना।**

   निम्नलिखित प्रस्ताव पर विचार करना और यदि उचित समझा जाए तो संशोधन सहित या बिना संशोधन के इसे साधारण प्रस्ताव के रूप में पारित करना:

   ''**यह संकल्प लिया जाता है** कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 139(7) और 142 तथा अन्य सभी लागू प्रावधानों तथा उसके अंतर्गत निर्मित नियमों और समय-समय पर संशोधित नियमों तथा ऐसी अन्य आवश्यक अनुमतियों के अधीन, कंपनी (लेखापरीक्षा एवं लेखा परीक्षक) नियम, 2014 के साथ पढ़ा जाए, तो मेसर्स बी एन पाई एंड कंपनी, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, बेंगलुरु (फर्म पंजीकरण संख्या 008851डS) को 15,000/- रुपये प्रति वर्ष (पंद्रह हजार रुपये मात्र) का पारिश्रमिक, साथ ही लागू वैधानिक करों का भुगतान किया जाए, जिनकी नियुक्ति नियंत्रक एवं लेखा परीक्षक द्वारा की गई थी। जनरल (सी एंड एजी) सीए.वी/सीओवाई/कर्नाटक, बीआईआरआईडीई (1)/871 दिनांक: 11.09.2025 को वैधानिक लेखा परीक्षकों के रूप में कंपनी द्वारा 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 की अवधि के लिए रखे गए वित्तीय अभिलेखों का लेखापरीक्षा करने के लिए एतद्द्वारा अनुमोदित किया जाता है।''

निदेशक मंडल के आदेशानुसार
**कृते मेसर्स बेंगलुरु इंटीग्रेटेड रेल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एंटरप्राइस लिमिटेड**
**अवधेश मेहता**
**निदेशक/बीडीएंडएफ**

स्थान: बेंगलुरु
दिनांक: 20.12.2025

### टिप्पणियाँ :

1. एक सदस्य, जिसे बैठक में उपस्थित होने और मतदान करने का अधिकार है, वह अपनी जगह बैठक में उपस्थित होने और मतदान करने के लिए एक प्रतिनिधि नियुक्त कर सकता है। इसके लिए प्रतिनिधि को कंपनी का सदस्य होना आवश्यक नहीं है। संलग्न प्रॉक्सी फ़ॉर्म को एजीएम शुरू होने से कम से कम 48 घंटे पहले कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में जमा किया जाना चाहिए।
2. बैठक स्थल का मार्गदर्शक नक्शा संलग्न है।
3. निदेशकों और प्रमुख प्रबंधकीय कर्मियों का पंजीकरण और उनके शेयरधारण का रिकॉर्ड, जो कंपनियों अधिनियम, 2013 की धारा 170 के तहत रखा गया है, सदस्यों के निरीक्षण के लिए एजीएम में उपलब्ध होगा।

# उपस्थिति पर्ची

## 20 दिसंबर 2025 (शनिवार) को आयोजित चतुर्थ वार्षिक आम बैठक

**नाम:**

**पता:**

प्रमाणित करता/करती हूं कि मैं मेसर्स बेंगलूरु इंटीग्रेटेड रेल इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एंटरप्राइस लिमिटेड (बी–राइड) का पंजीकृत शेयरधारक/पंजीकृत शेयरधारक के लिए प्रतिनिधि हूं और **20 दिसंबर 2025 (शनिवार) को दोपहर 12.30 बजे** कंपनी की चौथी वार्षिक साधारण बैठक में, समिति कक्ष संख्या 313, तीसरी मंजिल, विधान सौधा, बैंगलोर – 560001 में अपनी उपस्थिति दर्ज करता/करती हूं।

प्रथम/एकमात्र धारक (होल्डर)/प्रॉक्सी

द्वितीय धारक (होल्डर)/प्रॉक्सी

नोट : कृपया इस उपस्थिति पर्ची पर अपना पूरा नाम एवं पता लिख कर हस्ताक्षर करें और इसे हॉल के प्रवेश द्वार पर सौंप दें।

# फॉर्म नंबर एमजीटी–11
# प्रॉक्सी फॉर्म

कंपनीं अधिनियम–2013 की धारा 105 (6) और कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम–2014 के नियम 19 (3) के अनुसार

**सीआईएन :** U60230KA2021SGC142876

**कंपनी का नाम :** बेंगलुरु इंटीग्रेटेड रेल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एंटरप्राइज लिमिटेड

**पंजीकृत कार्यालय :** संपर्क सौधा, पहली मंजिल, सर्वे नंबर 8, (बी.ई.पी. परिसर), ओरियन मॉल के सामने, डॉ. राजकुमार रोड, राजाजीनगर पहला ब्लॉक, बैंगलोर – 560 010

| | | |
|---|---|---|
| **सदस्य (सदस्यों) का नाम** | : | |
| **पंजीकृत पता** | : | |
| **ईमेल आईडी** | : | |
| **फोलियो नं./क्लाइंट आईडी** | : | |
| **डीपी आईडी** | : | |

मैं, उपरोक्त नामित कंपनी के ....... इक्विटी शेयर का सदस्य होने के नाते, इसके द्वारा निम्नांकित को नियुक्ति करता हूँ।

1. नाम : ..................................................................
   पता : ..................................................................
   ईमेल आईडी : ..................................................................

   हस्ताक्षरः............., या उनके विफल होने पर

2. नाम : ..................................................................
   पता : ..................................................................
   ईमेल आईडी : ..................................................................

   हस्ताक्षरः............., या उनके विफल होने पर

3. नाम : ..................................................................
   पता : ..................................................................
   ईमेल आईडी : ..................................................................

   हस्ताक्षरः............., या उनके विफल होने पर

मैं आपको, **20.12.2025 को मध्याह्न 12.30 बजे** समिति कक्ष संख्या 313, तीसरी मंजिल, विधान सौधा, बैंगलोर – 560001 में होने वाली कंपनी की चौथी वार्षिक आम बैठक में तथा ऐसे प्रस्तावों के संबंध में किसी भी स्थगन पर, जैसा कि नीचे दर्शाया गया है, मेरे लिए और मेरी ओर से (मतदान में) भाग लेने और वोट करने के लिए अपने प्रॉक्सी के रूप में नामित करता हूँ।

प्रस्ताव संख्या 1 से 2

रसीदी टिकट लगाएँ

दिनांक ........................ को हस्ताक्षरित

**शेयरधारक के हस्ताक्षर** **प्रॉक्सी धारक(धारकों) के हस्ताक्षर**

**टिप्पणी:**

प्रभावी होने के लिए प्रॉक्सी का यह फॉर्म विधिवत पूरा किया जाना चाहिए और कम से कम 48 घंटे पहले कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में जमा किया जाना चाहिए।

---

# बैठक स्थल का रूट मैप




**पता:**

**समिति कक्ष संख्या 313, तीसरी मंजिल, विधान सौधा, बैंगलोर – 560001**

**स्थलचिह्न: विकास सौधा के बगल में**

# बेंगलूरु इंटीग्रेटेड रेल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एंटरप्राइस लिमिटेड
## शेयरधारकों के लिए निदेशकों की रिपोर्ट

**सदस्यों की सेवा में,**

## निदेशकों की रिपोर्ट

कंपनी (लेखा) नियम 2014 के साथ पठित कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 134 के अनुसार आपके निदेशक प्रसन्नता के साथ 31 मार्च 2025 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए अपनी चौथी वार्षिक रिपोर्ट, लेखा परीक्षण के साथ वित्तीय विवरण, उस तिथि की बैलेंस शीट और नकद प्रवाह विवरण के साथ ही लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट प्रस्तुत कर रहे हैं।

### 1. वित्तीय परिणाम

31 मार्च, 2025 को समाप्त वर्ष के वित्तीय परिणामों का सारांश नीचे दिया गया है।

(₹'000 में)

| विवरण | वर्तमान वर्ष 31.03.2025 | पिछला वर्ष 31.03.2024 |
|---|---|---|
| परिचालनों से आय | 0.00 | 0.00 |
| परिचालनों से आय | 0.00 | 0.00 |
| अन्य आय :<br>बैंक जमा पर ब्याज<br>आयकर रिफंड पर ब्याज<br>अन्य विविध आय | 0.00 | 0.00 |
| **कुल आय** | 0.00 | 0.00 |
| घटाएं : कुल व्यय<br>पूर्व अवधि की वस्तुएँ | 424.64 | 138.95 |
| कर पूर्व लाभ/हानि | (424.64) | (138.95) |
| घटाएं : कर के लिए प्रावधान | 0.00 | 0.00 |
| कर के बाद लाभ/(हानि) | (424.64) | (138.95) |
| जोड़ें: आगे लाया गया लाभ | (424.64) | (138.95) |
| **जोड़ें: पूर्व अवधि समायोजन** | 0.00 | 0.00 |
| लाभ/हानि को बैलेंस शीट में शामिल किया गया | (424.64) | (138.95) |

### 2. कंपनी संबंधित मामलों एवं सामान्य जानकारी की स्थिति

बेंगलुरु इंटीग्रेटेड रेल इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एंटरप्राइस लिमिटेड ('जिसे कंपनी कहा गया है) 6 जनवरी 2021 को कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत कर्नाटका राज्य, भारत में स्थापित की गई थी। कंपनी का पंजीकृत कार्यालय बेंगलूरु में स्थित है।

यह कंपनी, मेसर्स रेल इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंपनी (कर्नाटक) लिमिटेड – K-RIDE, के पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी है, जो आवश्यक समन्वय और चिह्नित रेलवे परियोजनाओं के सुचारू कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने और कर्नाटका सरकार के कार्यान्वयन की प्रगति की निगरानी करने और रिपोर्टिंग के लिए नोडल एजेंसी है।

इस कंपनी को K-RIDE (नोडल एजेंसी) द्वारा बेंगलूरु, कर्नाटक में बेंगलूरु उपनगरीय रेल परियोजना को संपन्न करने के लिए एक विशेष प्रयोजन उद्यम (SPV) के रूप में स्थापित किया गया है।

**3. वित्तीय विवरण की तिथि के बाद की घटनाएँ, यदि कोई हो:**

वित्तीय विवरण की तारीख के बाद कोई भी महत्वपूर्ण घटना घटित नहीं हुई है।

**4. कारोबारी प्रकृति में परिवर्तन, यदि कोई हो:**

कंपनी बेंगलुरु उपनगरीय रेल परियोजना (बीएसआरपी) के कार्यान्वयन हेतु मेसर्स रेल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंपनी (कर्नाटक) लि. के तहत एक विशेष प्रयोजन उद्यम है। कारोबार की प्रकृति में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है।

**5. लाभांश**

चूंकि कंपनी ने अपना परिचालन शुरू नहीं किया है, इसलिए निदेशक मंडल द्वारा किसी लाभांश की सिफारिश नहीं की गई है।

**6. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(3)(जे) के संदर्भ में प्रारक्षितियों का अंतरण**

चूंकि कंपनी ने अपना परिचालन प्रारंभ और लाभ अर्जित नहीं किया है, इसलिए 31 मार्च 2025 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए सामान्य प्रारक्षित खाते में किसी भी राशि के हस्तांतरण का प्रश्न ही नहीं उठता।

**7. पूंजी ढांचा**

**अ) शेयर पूंजी**

कंपनी की अधिकृत और चुकता शेयर पूंजी 10 लाख रुपये है और 10/- रुपये के 1,00,000 शेयरों में विभाजित है।

**ब) विभेदक अधिकारों के साथ इक्विटी शेयर जारी करने के संबंध में जानकारी**

कंपनी ने वित्तीय वर्ष के दौरान विभेदक अधिकारों के साथ कोई इक्विटी शेयर जारी नहीं किये हैं।

**स) कर्मचारी स्टॉक विकल्प जारी करने के संबंध में जानकारी**

वित्तीय वर्ष के दौरान कंपनी ने कर्मचारी स्टॉक विकल्प योजना के तहत कोई शेयर जारी नहीं किया है।

**द) स्वेट इक्विटी शेयर जारी करने के संबंध में जानकारी**

वित्तीय वर्ष के दौरान कंपनी ने कोई स्वेट इक्विटी शेयर जारी नहीं किया है।

**8. कारोबार की प्रकृति में परिवर्तन**

31 मार्च 2025 को समाप्त वित्तीय वर्ष के दौरान कंपनी के कारोबार की प्रकृति में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

**9. जमाराशि संबंधित विवरण :**

कंपनी ने समीक्षाधीन वित्तीय वर्ष के दौरान न तो कोई जमा राशि स्वीकार की है और न ही उसका नवीनीकरण किया है।

**10. नियामक प्राधिकरणों, न्यायालयों या न्यायाधिकरणों द्वारा पारित महत्वपूर्ण व प्रभावी आदेशों का विवरण:**

ऐसा कोई भी महत्वपूर्ण व प्रभावी आदेश नियामक प्राधिकरणों, न्यायालयों या न्यायाधिकरणों द्वारा पारित नहीं किया गया है, जो कंपनी की संचालन क्षमता और भविष्य में कंपनी के संचालन पर प्रभाव डालता हो।

**11. आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पर्याप्तता:**

कंपनी के पास एक आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली है, जिसे संसाधनों के अनुकूलन और संरक्षण, वित्तीय एवं परिचालन जानकारी की गुणवत्ता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए उच्च स्तरीय आश्वासन प्रदान करने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया है।

**12. वार्षिक रिटर्न:**

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 और धारा 92(3) के संशोधित प्रावधानों के अनुसार कंपनी को फॉर्म एमजीटी-9 तैयार करने की आवश्यकता नहीं है। कंपनी की कोई वेबसाइट नहीं है, इसलिए एमसीए के पास दाखिल किए गए वार्षिक रिटर्न की प्रतियां कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में उपलब्ध होंगी, बशर्ते उन्हें कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय में जमा कर दिया गया हो। इसलिए कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट होल्डिंग कंपनी यानी केआरआईडीई की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

https://kride.in/copy-of-annual-return-for-the-year-ended-31-3-2024/

**निदेशकों एवं बैठकों का विवरण**

क) निदेशक मंडल की बैठकों की संख्या एवं तिथियां तथा प्रत्येक निदेशक द्वारा शामिल बैठकों की संख्य

**निदेशक मंडल एवं निदेशक समितियों की बैठकें**

**अ) बोर्ड मीटिंग्स**

वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 173 के अनुसार निदेशक मंडल की तीन बैठकें हुई हैं, जिनका संक्षिप्त विवरण नीचे दिया गया है। दो बैठकों के आयोजन के बीच समय के अंतर का ध्यान रखते हुए कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों का अनुपालन किया गया है।

| क्रम सं. | बैठक की तिथि | बैठक में शामिल निदेशकों की कुल संख्या | उपस्थिति | |
|---|---|---|---|---|
| | | | उपस्थित निदेशकों की संख्या | उपस्थित का (%) प्रतिशत |
| 1 | 31.08.2024 | 8 | 7 | 87.5 |
| 2 | 21.12.2024 | 9 | 9 | 100 |
| 3 | 17.03.2025 | 9 | 7 | 87.5 |

**सदस्यों की उपस्थिति का विवरण इस प्रकार है:**

| नाम | स्थिति | श्रेणी | 01.04.2024 से 31.03.2025 तक आयोजित बैठकों की संख्या | |
|---|---|---|---|---|
| | | | आयोजित | उपस्थित |
| डॉ. शालिनी रजनीश, आईएएस | अध्यक्ष | गैर-कार्यकारी एवं नामित निदेशक | 3 | 3 |
| डॉ. मंजुला एन., आईएएस | सदस्य | गैर-कार्यकारी एवं नामित निदेशक | 3 | 3 |
| श्री धनंजय सिंह, आईआरएसई | सदस्य | गैर-कार्यकारी एवं नामित निदेशक | 1 | 1 |
| श्री महेश्वर राव, आईएएस | सदस्य | गैर-कार्यकारी एवं नामित निदेशक | 3 | 3 |
| श्री दीपा कोटनिस, आईआरएएस | सदस्य | गैर-कार्यकारी एवं नामित निदेशक | 3 | 3 |
| श्री संजीव कुमार गर्ग,आईआरएसई | सदस्य | गैर-कार्यकारी एवं नामित निदेशक | 2 | 1 |
| श्री आशुतोष माथुर, आईआरएसई | सदस्य | गैर-कार्यकारी एवं नामित निदेशक | 3 | 3 |
| श्री राजेश कुमार सिंह, आईआरएसई | सदस्य | गैर-कार्यकारी एवं नामित निदेशक | 3 | 3 |
| श्री अवधेश मेहता | सदस्य | गैर-कार्यकारी एवं नामित निदेशक | 3 | 3 |
| श्री अपर्णा पावटे, केएएस | सदस्य | कार्यकारी एवं नामित निदेशक | 2 | 1 |

ख) उपरोक्त के अधीन, रिपोर्टिंग वर्ष के दौरान, किसी अन्य व्यक्ति को केएमपी के रूप में नियुक्त नहीं किया गया ।

ग) **निदेशकों में परिवर्तन**

| क्रम.सं. | नाम | पदनाम | नियुक्ति/समापन | प्रभावी तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | शालिनी रजनीश | नामित निदेशक | नियुक्ति | 29.08.2024 |
| 2 | रजनीश गोयल | नामित निदेशक | समापन | 29.08.2024 |
| 3 | संजीव कुमार गर्ग | नामित निदेशक | नियुक्ति | 26.11.2024 |
| 4 | धनंजय सिंह | नामित निदेशक | समापन | 26.11.2024 |
| 5 | आडिवेप्पा पावटे अपर्णा | नामित निदेशक | नियुक्ति | 21.12.2024 |
| 6 | मोहम्मद इक्रमुल्ला शरीफ | नामित निदेशक | समापन | 21.12.2024 |

**ब) बोर्ड मूल्यांकन**

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 की उप-धारा (3) के खंड (p) सपठित कंपनी (खातों) नियम, 2014 के नियम 8 के उप-नियम 4 के तहत बोर्ड मूल्यांकन से संबंधित प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं होते हैं, क्योंकि यह सरकारी कंपनियों के लिए छूट प्राप्त है।

**स) निदेशकों की घोषणा**

वर्ष के दौरान, कंपनी के सभी निदेशकों को सभी बोर्ड बैठकों की सूचनाएं विधिवत भेज दी गई हैं।

बोर्ड की बैठकें विधिवत बुलाई और आयोजित की गई हैं और कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार बोर्ड बैठकों के कार्यवृत्त तैयार और बनाए रखे गए हैं।

कंपनी ने सभी लागू रजिस्टरों/अभिलेखों को बनाए रखा है और कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार निर्धारित समय के भीतर उनमें प्रविष्टियां की हैं।

**13. सचिवीय मानक**

कंपनी के निदेशकों ने सभी प्रचलित सचिवीय मानकों के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए समुचित प्रणालियाँ तैयार की हैं, जो पर्याप्त हैं और प्रभावी ढंग से काम कर रही हैं।

**14. सदस्यों की बैठक**

कंपनी की दूसरी वार्षिक आम बैठक 21 दिसंबर 2025 को आयोजित की गई थी।

**15. निदेशकों के उत्तरदायित्व संबंधित विवरण**

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 (5) के प्रावधानों के अनुसार कंपनी के निदेशक पुष्टि करते हैं कि:

अ) 31 मार्च 2025 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए वार्षिक खातों की तैयारी में, सभी लागू लेखांकन मानकों का पालन किया गया है और किसी भी महत्वपूर्ण विचलन के लिए उपयुक्त व्याख्या प्रदान की गई है।

आ) निदेशकों ने ऐसी लेखा नीतियों का चयन किया और उन्हें सुसंगत रूप से लागू किया है, साथ ही ऐसे निर्णय और अनुमान लगाए हैं जो उचित और विवेकपूर्ण हैं, जिससे कंपनी की वित्तीय स्थिति और उस अवधि के लाभ-हानि का सच्चा और निष्पक्ष दृष्टिकोण प्रस्तुत हो सके।

इ) निदेशकों ने कंपनी की संपत्तियों की सुरक्षा और धोखाधड़ी व अन्य अनियमितताओं को रोकने और पहचानने के लिए इस अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त लेखा रिकॉर्ड के रखरखाव के लिए उचित और पर्याप्त व्यवस्था की है।

ई) निदेशकों ने वार्षिक खातों को एक सतत व्यापार आधार पर तैयार किया है।

उ) कंपनी एक असूचीबद्ध कंपनी होने के कारण, अधिनियम की धारा 134(5) के उप-खंड (श) से संबंधित आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों को लागू करने की शर्त लागू नहीं होती है।

ऊ) निदेशकों ने सभी लागू कानूनों के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए उचित प्रणाली तैयार की है, और ये प्रणालियां पर्याप्त और प्रभावी रूप से कार्य कर रही हैं।

**16. धारा 186 के तहत ऋणों, गारंटियों एवं निवेशों का विवरण**

वर्ष के दौरान, धारा 186 के तहत कोई ऋण, गारंटी या निवेश नहीं किया गया। इसलिए उक्त धारा के तहत विवरण प्रदान नहीं किया गया है।

**17. संबंधित पक्षों के साथ संविदाओं या करारों का विवरण**

वर्ष के दौरान, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 188 (1) के तहत वर्णित संबंधित पक्षों के साथ कोई संविदा या करार नहीं किया गया।

**18. तुलन पत्र की तिथि और निदेशकों की रिपोर्ट की तिथि के बीच कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन, यदि हो**

वित्तीय वर्ष की समाप्ति और इस रिपोर्ट की तारीख के बीच कंपनी की वित्तीय स्थिति को प्रभावित करने वाला कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन नहीं हुआ है।

**19. ऊर्जा संरक्षण, प्रौद्योगिकी अवशोषण, विदेशी मुद्रा आय और व्यय**

चूंकि कंपनी ने अपना परिचालन शुरू नहीं किया है, इसलिए ऊर्जा संरक्षण, प्रौद्योगिकी अवशोषण और विदेशी मुद्रा व्यय से संबंधित जानकारी को शून्य माना जा सकता है।

**20. जोखिम प्रबंधन नीति**

हालांकि कंपनी लंबे समय से जोखिम को न्यूनतम करने के सिद्धांत का पालन कर रही है, जो कि हर उद्योग में सामान्य है, यह अब एक अनिवार्यता बन गई है।

मुख्य उद्देश्य स्थिरता के साथ स्थायी व्यावसायिक विकास सुनिश्चित करना और व्यवसाय से जुड़े जोखिमों की रिपोर्टिंग, मूल्यांकन और समाधान में एक सक्रिय दृष्टिकोण को बढ़ावा देना है।

सामान्य जोखिमों में, अन्य बातों के साथ, निम्नलिखित शामिल हैं: नियम और विनियम, प्रतिस्पर्धा, व्यावसायिक जोखिम, तकनीकी अप्रचलन, निवेश, और व्यावसायिक जोखिम। इसके अलावा, इसमें वित्तीय जोखिम, राजनीतिक जोखिम, निष्ठा जोखिम और कानूनी जोखिम भी शामिल हैं।

नीति के तहत इन जोखिमों का मूल्यांकन किया जाता है और इन्हें कम करने हेतु उपयुक्त कदम उठाए जाते हैं।

**21. कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) समिति और उसकी नीतियाँ**

कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व से संबंधित प्रावधान रिपोर्टिंग वर्ष के लिए कंपनी पर लागू नहीं होते हैं।

**22. सतर्कता तंत्र की स्थापना पर प्रकटीकरण**

कंपनी सतर्कता तंत्र से संबंधित प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं होते हैं।

**23. लेखा परीक्षक और उनकी रिपोर्ट**

**क) सांविधिक लेखापरीक्षक**

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 139(5) के तहत एक सरकारी कंपनी होने के नाते, भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक द्वारा मेसर्स बी.एन. पाई, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, बेंगलुरु को वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए कंपनी के वैधानिक लेखा परीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है। कैग द्वारा नियुक्त सांविधिक लेखा परीक्षक संबंधित वित्तीय वर्ष के लिए अगली वार्षिक साधारण बैठक तक अपना कार्यभार संभालेंगे।

**वित्त वर्ष 2024–25 के लिए लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट:**

कंपनी के वैधानिक लेखा परीक्षकों द्वारा 31 मार्च, 2025 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए अपनी रिपोर्ट में कुछ आपत्तियां, आरक्षण, प्रतिकूल टिप्पणियां या अस्वीकरण किए गए हैं, जो प्रक्रियात्मक प्रकृति के हैं। अतः कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 (3) (एफ) के तहत इन पर किसी और स्पष्टीकरण या टिप्पणी की आवश्यकता नहीं है। स्वतंत्र वैधानिक लेखापरीक्षा रिपोर्ट की प्रति **अनुलग्नक–I** के रूप में संलग्न है।

**31 मार्च 2025 को समाप्त हुए वर्ष के लिए बीआई–राइड के वित्तीय विवरण पर वैधानिक लेखा परीक्षक की टिप्पणियों के संबंध में प्रबंधन की प्रतिक्रियाएँ**

| क्रम सं. | योग्य राय का आधार | प्रबंधन के उत्तर |
|---|---|---|
| 1. | भारतीय लेखा मानकों (GAAP) 101 के अनुसार– भारतीय लेखा मानकों को पहली बार अपनाने के अनुच्छेद 23 के अनुसार, एक इकाई को यह स्पष्ट करना होगा कि पिछले (GAAP) से भारतीय लेखा मानकों में परिवर्तन ने उसकी रिपोर्ट की गई बैलेंस शीट, वित्तीय प्रदर्शन और नकदी प्रवाह को कैसे प्रभावित किया। अनुच्छेद 24 में कहा गया है कि अनुच्छेद 23 का अनुपालन करने के लिए एक इकाई के पहले भारतीय लेखा मानकों के वित्तीय विवरणों में निम्नलिखित शामिल होंगे: (क) भारतीय लेखा मानकों (GAAP) 101 के अनुसार रिपोर्ट की गई उसकी इक्विटी का<br>**भारतीय लेखा मानकों के अनुसार उसकी इक्विटी के साथ निम्नलिखित दोनों तिथियों के लिए मिलान:**<br>(I) भारतीय लेखा मानकों में परिवर्तन की तिथि ; और<br>(ii) पिछले (GAAP) के अनुसार इकाई के नवीनतम वार्षिक वित्तीय विवरणों में प्रस्तुत नवीनतम अवधि का अंत। (ख) इकाई के नवीनतम वार्षिक वित्तीय विवरणों में नवीनतम अवधि के लिए भारतीय लेखा मानकों के अनुसार उसकी कुल व्यापक आय का मिलान।<br>उस मिलान का प्रारंभिक बिंदु उसी अवधि के लिए पिछले (GAAP) के अनुसार कुल व्यापक आय होगी, या यदि किसी इकाई ने ऐसी कुल आय की रिपोर्ट नहीं की है, तो पिछले (GAAP) के तहत लाभ या हानि होगी। इसके अलावा, अनुच्छेद 27AA के अनुसार, यदि कोई इकाई अनुच्छेद D7AA के अनुसार प्रदान किए गए प्रथम–बार छूट विकल्प को अपनाती है, तो इस तथ्य और लेखांकन नीति का खुलासा इकाई द्वारा किया जाएगा। वर्ष 2024–25 के वित्तीय विवरणों में प्राप्त प्रथम–बार छूट का खुलासा नहीं किया गया है। उपरोक्त अपेक्षित खुलासा वित्तीय विवरणों में नहीं किया गया है, जिसके परिणामस्वरूप Ind AS-101 का अनुपालन नहीं हुआ है। | यह खुलासा अद्यतन किया गया है और **अनुलग्नक–1** के रूप में संलग्न है। |

**ख) भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक**

कंपनी अधिनियम 2013 के लागू प्रावधानों के अनुसार, कंपनी को वार्षिक आम बैठक में प्रस्तुत किए जाने वाले प्रत्येक वित्तीय विवरण पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सी एंड एजी) द्वारा जारी टिप्पणियाँ प्राप्त करना आवश्यक है। पूरक लेखापरीक्षा पूरी होने के बाद, सी एंड एजी ने धारा 143(6)(ख) के तहत आवश्यक टिप्पणियाँ और शून्य रिपोर्ट कंपनी को जारी की है, जिसे कंपनी के सदस्यों के ध्यानार्थ कंपनी की चौथी वार्षिक आम बैठक में रखा गया है। सीएजी की पूरक लेखापरीक्षा रिपोर्ट की प्रति **अनुलग्नक–II** के रूप में संलग्न है।

**ग) लागत अभिलेखों का रखरखाव और लागत लेखापरीक्षा**

कंपनी की व्यावसायिक गतिविधियों और तत्काल पूर्व वित्तीय वर्ष के कारोबार को ध्यान में रखते हुए, धारा 148 के प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं होते हैं। अतः इनका विवरण नहीं दिया गया है।

**घ) सचिवीय लेखा परीक्षक**

धारा 204 के प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं होते हैं। इसलिए इनका विवरण नहीं दिया गया है।

**ङ) लागत लेखा परीक्षक, लागत अभिलेखों का रखरखाव और लागत लेखापरीक्षा**

धारा 148(3) के प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं होते हैं। इसलिए इनका विवरण नहीं दिया गया है।

**च) लेखा परीक्षक द्वारा रिपोर्ट की गई धोखाधड़ी**

अधिनियम की धारा 143 की उपधारा (12) के अनुसार लेखा परीक्षक ने वित्तीय वर्ष के दौरान किसी भी धोखाधड़ी की रिपोर्ट नहीं की है।

**24. कर्मचारियों का विवरण**

कंपनी (प्रबंधकीय कार्मिक की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियम, 2014 के नियम 5(2) और 5(3) के प्रावधानों के साथ पठित धारा 197 के अनुसार कोई भी कर्मचारी निर्धारित सीमा से अधिक पारिश्रमिक नहीं ले रहा है।

**25. सहायक कंपनियों/संयुक्त उद्यमों/सहयोगी कंपनियों का विवरण**

कंपनी एक स्पेशल पर्पस व्हीकल और मेसर्स रेल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंपनी (कर्नाटक) लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है। इस कंपनी की कोई सहायक कंपनी/संयुक्त उद्यम/सहयोगी कंपनी नहीं है।

**26. कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 के तहत प्रकटीकरण**

कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 की धारा 4 (1) के अनुसार, कार्यस्थल का प्रत्येक नियोक्ता लिखित आदेश द्वारा एक समिति का गठन करेगा जिसे आंतरिक शिकायत समिति के नाम से जाना जाएगा। कंपनी विशाखा दिशा–निर्देशों का पूर्ण रूप से पालन करती है और उनका अभ्यास करती है। 31 मार्च, 2025 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के दौरान कोई शिकायत दर्ज नहीं की गई। कंपनी ने POSH अधिनियम और उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के सभी प्रावधानों का अनुपालन किया है।

**27. मातृत्व लाभ अधिनियम, 1961 का अनुपालन:**

कंपनी पुष्टि करती है कि मातृत्व लाभ अधिनियम, 1961 के सभी प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं होते हैं। रिपोर्टिंग अवधि के दौरान, कंपनी ने पात्र महिला कर्मचारियों को सभी वैधानिक लाभ प्रदान किए हैं।

**28. वित्तीय वर्ष के समापन पर कर्मचारियों की संख्या – शून्य**

**29. सामान्य खुलासे:**

आपके निदेशक यह बताते हैं कि निम्नलिखित मदों के संबंध में किसी खुलासे या रिपोर्टिंग की आवश्यकता नहीं है क्योंकि वर्ष के दौरान इन मदों पर कोई लेनदेन नहीं हुआ:

क. लाभांश, मतदान या अन्य किसी भी प्रकार के भिन्न अधिकारों वाले इक्विटी शेयरों का निर्गमन।

ख. कंपनी के कर्मचारियों को किसी भी योजना के तहत शेयरों (स्वयं लाभ के शेयरों सहित) का निर्गमन नहीं किया गया है।

ग. कंपनी के पास कर्मचारियों द्वारा या कर्मचारियों के लाभ के लिए न्यासियों द्वारा अपने स्वयं के शेयरों की खरीद के लिए धन उपलब्ध कराने की कोई योजना नहीं है।

घ. वर्ष के दौरान दिवालियापन और दिवालिया संहिता, 2016 के तहत कोई आवेदन नहीं किया गया है और न ही कोई कार्यवाही लंबित है।

ङ. वर्ष के अंत में कंपनी की कोई सहायक, संयुक्त उद्यम या सहयोगी कंपनी नहीं है।

च. स्वतंत्र निदेशक की घोषणा लागू नहीं है क्योंकि कंपनी को स्वतंत्र निदेशक नियुक्त करने की आवश्यकता नहीं है।

छ. कंपनी ने बैंकों या वित्तीय संस्थानों से लिए गए ऋणों के लिए कोई एकमुश्त निपटान नहीं किया है, इसलिए एकमुश्त निपटान के समय किए गए मूल्यांकन और बैंकों या वित्तीय संस्थानों से ऋण लेते समय किए गए मूल्यांकन के बीच अंतर का विवरण और उसके कारण लागू नहीं होते हैं।

**30. आभार**

Bi-RIDE ने अवसंरचना विकास विभाग, शहरी विकास विभाग, शहरी भूमि परिवहन निदेशालय (डीयूएलटी), वित्त विभाग/कर्नाटक सरकार, रेल मंत्रालय, भारत सरकार, दक्षिण पश्चिम रेलवे आदि के साथ घनिष्ठ संबंध विकसित किए हैं। निदेशक मंडल इन सभी और अन्य हितधारकों से प्राप्त सहायता और मार्गदर्शन के लिए कृतज्ञता व्यक्त करता है।

**बोर्ड के आदेशानुसार**
**कृते बेंगलुरु इंटीग्रेटेड रेल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एंटरप्राइस लिमिटेड**
**हस्ताक्षर**
**डॉ. शालिनी रजनीश, आईएएस**
अध्यक्ष

स्थान: बेंगलुरु
दिनांक: 20.12.2025

# स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट

सेवा में,
बेंगलुरु इंटीग्रेटेड रेल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एंटरप्राइस लिमिटेड के सदस्यों के लिए

**स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा पर रिपोर्ट**

**योग्य अभिमत**

हमने बेंगलुरु इंटीग्रेटेड रेल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एंटरप्राइज लिमिटेड (कंपनी) के स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा की है, जिसमें 31 मार्च, 2025 को समाप्त वर्ष के लिए बैलेंस शीट, लाभ और हानि विवरण, इक्विटी में परिवर्तन का विवरण और नकदी प्रवाह विवरण, और वित्तीय विवरणों के नोट्स शामिल हैं, जिनमें महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों का सारांश और अन्य व्याख्यात्मक जानकारी शामिल है। यह रिपोर्ट 6 अक्टूबर, 2025 को जारी हमारी स्वतंत्र लेखापरीक्षक रिपोर्ट का स्थान लेती है, जो कंपनी के 31 मार्च, 2025 को समाप्त वर्ष के स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों पर आधारित थी और जिसे भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा की गई लेखापरीक्षा से प्राप्त टिप्पणियों के आलोक में संशोधित किया गया है।

हमारी राय में और हमारी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार तथा हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार, हमारी रिपोर्ट के 'योग्य राय का आधार' अनुभाग में वर्णित मामले के प्रभावों को छोड़कर, उपर्युक्त स्वतंत्र वित्तीय विवरण कंपनी अधिनियम, 2013, संशोधित (अधिनियम) द्वारा अपेक्षित जानकारी को उसी प्रकार से प्रदान करते हैं और अधिनियम की धारा 133 के तहत निर्धारित भारतीय लेखा मानकों (इंड एएस) और कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम, 2015, संशोधित (इंड एएस) तथा भारत में सामान्यतः स्वीकृत अन्य लेखांकन सिद्धांतों के अनुरूप, 31 मार्च, 2025 को कंपनी की स्थिति, उसके घाटे, नकदी प्रवाह और उस तिथि को समाप्त हुए वर्ष के लिए इक्विटी में परिवर्तन का सही और निष्पक्ष चित्रण प्रस्तुत करते हैं।

**योग्य अभिमत का आधार**

हमने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(10) के अंतर्गत निर्दिष्ट लेखापरीक्षा मानकों (एसए) के अनुसार अपना लेखापरीक्षा कार्य संपन्न किया। इन मानकों के अंतर्गत हमारी जिम्मेदारियों का विस्तृत विवरण हमारी रिपोर्ट के स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों के लेखापरीक्षा के लिए लेखापरीक्षक की जिम्मेदारियां अनुभाग में दिया गया है। हम भारतीय चार्टर्ड लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) द्वारा जारी आचार संहिता और कंपनी अधिनियम, 2013 एवं उसके अंतर्गत नियमों के प्रावधानों के तहत इंड एएस वित्तीय विवरणों के लेखापरीक्षा से संबंधित नैतिक आवश्यकताओं के अनुसार कंपनी से स्वतंत्र हैं, और हमने इन आवश्यकताओं तथा आईसीएआई की आचार संहिता के अनुसार अपनी अन्य नैतिक जिम्मेदारियों का भी निर्वाह किया है। हमारा मानना है कि हमारे द्वारा प्राप्त लेखापरीक्षा साक्ष्य स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों पर हमारी योग्यतापूर्ण राय के लिए पर्याप्त और उपयुक्त आधार प्रदान करते हैं।

**योग्य राय उत्पन्न करने वाले मामले :**

1. भारतीय लेखा मानकों (GAAP) 101 के अनुसार – भारतीय लेखा मानकों को पहली बार अपनाने के अनुच्छेद 23 के अनुसार – एक इकाई को यह स्पष्ट करना होगा कि पूर्व (GAAP) से भारतीय लेखा मानकों में परिवर्तन ने उसकी रिपोर्ट की गई बैलेंस शीट, वित्तीय प्रदर्शन और नकदी प्रवाह को कैसे प्रभावित किया। अनुच्छेद 24 में कहा गया है कि अनुच्छेद 23 का अनुपालन करने के लिए, एक इकाई के पहले भारतीय लेखा मानकों के वित्तीय विवरणों में निम्नलिखित शामिल होंगे:

**(क)** भारतीय लेखा मानकों (GAAP) 101 के अनुसार रिपोर्ट की गई इक्विटी का भारतीय लेखा मानकों के अनुसार इक्विटी के साथ निम्नलिखित दोनों तिथियों के लिए मिलान:

(i) भारतीय लेखा मानकों में परिवर्तन की तिथि ; और

(ii) पूर्व (GAAP) के अनुसार इकाई के नवीनतम वार्षिक वित्तीय विवरणों में प्रस्तुत नवीनतम अवधि का अंत।

**(ख)** इकाई के नवीनतम वार्षिक वित्तीय विवरणों में नवीनतम अवधि के लिए भारतीय लेखा मानकों के अनुसार कुल व्यापक आय के साथ मिलान। उस मिलान का प्रारंभिक बिंदु उसी अवधि के लिए पिछले जीएएपी के अनुसार कुल व्यापक आय होगी या, यदि किसी इकाई ने ऐसा कुल योग रिपोर्ट नहीं किया है, तो पिछले जीएएपी के तहत लाभ या हानि होगी।

इसके अतिरिक्त, अनुच्छेद 27AA के अनुसार, यदि कोई संस्था अनुच्छेद D7AA के अनुसार प्रदान किए गए प्रथम-बार छूट विकल्प को अपनाती है, तो संस्था द्वारा इस तथ्य और लेखांकन नीति का खुलासा किया जाना आवश्यक है। वर्ष 2024-25 के वित्तीय विवरणों में इस प्रथम-बार छूट का खुलासा नहीं किया गया है।

उपरोक्त अपेक्षित खुलासा वित्तीय विवरणों में नहीं किया गया है, जिसके परिणामस्वरूप Ind AS-101 का अनुपालन नहीं हुआ है।

**प्रमुख लेखापरीक्षा मामले:**

प्रमुख लेखापरीक्षा मामले वे मामले हैं जो हमारे पेशेवर निर्णय के अनुसार, वर्तमान अवधि के स्वतंत्र वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा में सबसे महत्वपूर्ण थे। इन मामलों पर स्वतंत्र वित्तीय विवरणों की समग्र लेखापरीक्षा के संदर्भ में विचार किया गया था और इन पर अपनी राय बनाते समय इनका विश्लेषण किया गया था, इसलिए हम इन मामलों पर अलग से कोई राय नहीं देते हैं।

एसए 701 के अनुसार प्रमुख लेखापरीक्षा मामलों की रिपोर्टिंग लागू नहीं होती है क्योंकि यह एक गैर–सूचीबद्ध इकाई है।

**वित्तीय विवरणों और उन पर लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट के अतिरिक्त जानकारी:**

कंपनी के निदेशक मंडल अन्य जानकारी तैयार करने के लिए उत्तरदायी है। अन्य जानकारी में वार्षिक रिपोर्ट में शामिल जानकारी शामिल है, लेकिन इसमें स्वतंत्र वित्तीय विवरण और उन पर हमारी लेखा परीक्षक की रिपोर्ट शामिल नहीं है।

स्वतंत्र वित्तीय विवरणों पर हमारी राय अन्य जानकारी को कवर नहीं करती है और हम इस पर किसी भी प्रकार का आश्वासन निष्कर्ष व्यक्त नहीं करते हैं।

स्वतंत्र वित्तीय विवरणों के हमारे लेखापरीक्षा के संबंध में, हमारी जिम्मेदारी अन्य जानकारी को पढ़ना है और ऐसा करते समय, यह विचार करना है कि क्या ऐसी अन्य जानकारी स्वतंत्र वित्तीय विवरणों या हमारी लेखापरीक्षा के दौरान प्राप्त जानकारी के साथ महत्वपूर्ण रूप से असंगत है या अन्यथा महत्वपूर्ण रूप से गलत बताई गई प्रतीत होती है।

यदि, हमारे द्वारा किए गए कार्य के आधार पर, हम यह निष्कर्ष निकालते हैं कि इस अन्य जानकारी में कोई महत्वपूर्ण गलत बयान है, तो हमें उस तथ्य की रिपोर्ट करना आवश्यक है। इस संबंध में हमें कुछ भी रिपोर्ट नहीं करना है।

**स्वतंत्र वित्तीय विवरणों के लिए प्रबंधन की जिम्मेदारियाँ:**

कंपनी के निदेशक मंडल इन स्वतंत्र वित्तीय विवरणों को तैयार करने के संबंध में अधिनियम की धारा 134(5) में उल्लिखित मामलों के लिए उत्तरदायी है, जो भारत में सामान्य रूप से स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार कंपनी की वित्तीय स्थिति, वित्तीय प्रदर्शन, नकदी प्रवाह और इक्विटी में परिवर्तन का सही और निष्पक्ष चित्रण प्रस्तुत करते हैं, जिसमें अधिनियम की धारा 133 के तहत निर्दिष्ट भारतीय लेखांकन मानक (इंड एएस) और संशोधित कंपनी (भारतीय लेखांकन मानक) नियम, 2015 शामिल हैं।

इस उत्तरदायित्व में कंपनी की परिसंपत्तियों की सुरक्षा और धोखाधड़ी एवं अन्य अनियमितताओं की रोकथाम एवं पहचान के लिए अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त लेखा अभिलेखों का रखरखाव; उपयुक्त लेखा नीतियों का चयन एवं अनुप्रयोग; उचित एवं विवेकपूर्ण निर्णय एवं अनुमान लगाना; तथा पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का निर्माण, कार्यान्वयन एवं रखरखाव शामिल है, जो वित्तीय विवरणों की तैयारी एवं प्रस्तुति से संबंधित लेखा अभिलेखों की सटीकता एवं पूर्णता सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी रूप से कार्य कर रहे हों, ताकि वित्तीय विवरण सही और निष्पक्ष रूप से प्रस्तुत किए जा सकें और धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण होने वाली किसी भी प्रकार की महत्वपूर्ण त्रुटि से मुक्त हों।

वित्तीय विवरण तैयार करते समय, प्रबंधन कंपनी की निरंतर संचालन क्षमता का आकलन करने, लागू होने पर संचालन से संबंधित मामलों का खुलासा करने और संचालन आधार पर लेखांकन करने के लिए उत्तरदायी है, जब तक कि प्रबंधन कंपनी को परिसमाप्त करने या संचालन बंद करने का इरादा न रखता हो, या उसके पास ऐसा करने के अलावा कोई व्यावहारिक विकल्प न हो।

निदेशक मंडल कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया की देखरेख के लिए भी उत्तरदायी है।

**स्वतंत्र वित्तीय विवरणों के लेखापरीक्षा के लिए लेखापरीक्षक की जिम्मेदारियाँ:**

हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि स्वतंत्र वित्तीय विवरण समग्र रूप से धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण होने वाली किसी भी प्रकार की महत्वपूर्ण त्रुटि से मुक्त हैं, और एक लेखापरीक्षक रिपोर्ट जारी करना है जिसमें हमारी राय शामिल हो। उचित आश्वासन उच्च स्तर का आश्वासन है, लेकिन यह गारंटी नहीं है कि स्वतंत्र वित्तीय विवरणों के अनुसार की गई लेखापरीक्षा में हमेशा महत्वपूर्ण त्रुटि का पता चल जाएगा। त्रुटियाँ धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण हो सकती हैं और इन्हें महत्वपूर्ण माना जाता है यदि, व्यक्तिगत रूप से या सामूहिक रूप से, इनसे उपयोगकर्ताओं द्वारा इन स्वतंत्र वित्तीय विवरणों के आधार पर लिए गए आर्थिक निर्णयों को प्रभावित करने की उचित अपेक्षा की जा सकती है।

**एस.ए. के अनुसार ऑडिट के हिस्से के रूप में हम पूरे ऑडिट के दौरान पेशेवर विवेक का प्रयोग करते हैं और पेशेवर संशय बनाए रखते हैं। हम यह भी करते हैं:**

* धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों में महत्वपूर्ण गलत बयानों के जोखिमों की पहचान और आकलन करते हैं, उन जोखिमों के अनुरूप ऑडिट प्रक्रियाओं को तैयार और निष्पादित करते हैं, और अपनी राय का आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त ऑडिट साक्ष्य प्राप्त करते हैं। धोखाधड़ी के परिणामस्वरूप होने वाले महत्वपूर्ण गलत बयान का पता न लगा पाने का जोखिम त्रुटि के परिणामस्वरूप होने वाले गलत बयान की तुलना में अधिक होता है, क्योंकि धोखाधड़ी में मिलीभगत, जालसाजी, जानबूझकर चूक, गलत बयानी या आंतरिक नियंत्रण को दरकिनार करना शामिल हो सकता है।

* लेखापरीक्षा से संबंधित आंतरिक नियंत्रणों की समझ प्राप्त करना ताकि परिस्थितियों के अनुरूप उपयुक्त लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं का निर्माण किया जा सके। अधिनियम की धारा 143(3)(i) के तहत, हम इस बात पर भी अपनी राय व्यक्त करने के लिए उत्तरदायी हैं कि क्या कंपनी के पास वित्तीय विवरणों के संदर्भ में पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण मौजूद हैं और ऐसे नियंत्रणों की परिचालन प्रभावशीलता क्या है।

*प्रबंधन द्वारा अपनाई गई लेखांकन नीतियों की उपयुक्तता और प्रबंधन द्वारा किए गए लेखांकन अनुमानों और संबंधित खुलासों की तर्कसंगतता का मूल्यांकन करना।

*प्रबंधन द्वारा निरंतर संचालन के आधार पर लेखांकन के उपयोग की उपयुक्तता पर निष्कर्ष निकालना और प्राप्त लेखापरीक्षा साक्ष्यों के आधार पर यह निर्धारित करना कि क्या ऐसी घटनाओं या स्थितियों से संबंधित कोई महत्वपूर्ण अनिश्चितता मौजूद है जो कंपनी की निरंतर संचालन क्षमता पर गंभीर संदेह पैदा कर सकती है। यदि हम यह निष्कर्ष निकालते हैं कि कोई महत्वपूर्ण अनिश्चितता मौजूद है, तो हमें अपनी लेखापरीक्षा रिपोर्ट में वित्तीय विवरणों में संबंधित खुलासों की ओर ध्यान आकर्षित करना आवश्यक है या, यदि ऐसे खुलासे अपर्याप्त हैं, तो अपनी राय में संशोधन करना आवश्यक है। हमारे निष्कर्ष हमारी लेखापरीक्षा रिपोर्ट की तिथि तक प्राप्त लेखापरीक्षा साक्ष्यों पर आधारित हैं। हालांकि, भविष्य में होने वाली घटनाओं या परिस्थितियों के कारण कंपनी का निरंतर संचालन बंद हो सकता है।

*स्वतंत्र वित्तीय विवरणों की समग्र प्रस्तुति, संरचना और विषयवस्तु का मूल्यांकन करें, जिसमें खुलासे भी शामिल हैं, और यह भी जांचें कि क्या स्वतंत्र वित्तीय विवरण अंतर्निहित लेन-देन और घटनाओं को निष्पक्ष प्रस्तुतिकरण के अनुरूप प्रस्तुत करते हैं।

हम लेखापरीक्षा के नियोजित दायरे और समय-सीमा तथा महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा निष्कर्षों, जिनमें लेखापरीक्षा के दौरान पाई गई आंतरिक नियंत्रण संबंधी कोई भी महत्वपूर्ण कमियां शामिल हैं, के संबंध में शासन के लिए जिम्मेदार अधिकारियों से संवाद करते हैं।

हम शासन के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को यह भी सूचित करते हैं कि हमने स्वतंत्रता से संबंधित प्रासंगिक नैतिक आवश्यकताओं का अनुपालन किया है, और उनसे उन सभी संबंधों और अन्य मामलों के बारे में संवाद करते हैं जिनका हमारी स्वतंत्रता पर प्रभाव पड़ सकता है, और जहां लागू हो, संबंधित सुरक्षा उपायों के बारे में भी जानकारी देते हैं।

प्रशासनिक मामलों के संबंध में, हमने वर्तमान अवधि के स्वतंत्र वित्तीय विवरणों के लेखापरीक्षा में सबसे महत्वपूर्ण मामलों का निर्धारण किया है, और इसलिए वे प्रमुख लेखापरीक्षा मामले हैं। हम इन मामलों का विवरण अपनी लेखापरीक्षक रिपोर्ट में देते हैं, जब तक कि कानून या नियम के तहत सार्वजनिक रूप से इनका खुलासा करना अनिवार्य न हो, या जब अत्यंत दुर्लभ परिस्थितियों में हम यह निर्धारित करें कि किसी मामले का उल्लेख हमारी रिपोर्ट में नहीं किया जाना चाहिए, क्योंकि ऐसा करने से होने वाले प्रतिकूल परिणाम सार्वजनिक हित में होने वाले लाभों से कहीं अधिक गंभीर होंगे।

**अन्य कानूनी एवं विनियामक आवश्यकताओं पर रिपोर्ट:**

1. भारत सरकार द्वारा कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 की उपधारा (11) के अंतर्गत जारी कंपनी (लेखा परीक्षक की रिपोर्ट) आदेश, 2020 (आदेश) के अनुसार, हम अनुलग्नक क में आदेश के अनुच्छेद 3 और 4 में निर्दिष्ट मामलों पर, जहां तक लागू हो, विवरण प्रस्तुत करते हैं।

2. हम अधिनियम की धारा 143(5) के अंतर्गत, कंपनी की पुस्तकों और अभिलेखों की ऐसी जाँचों के आधार पर, जिन्हें हम उचित समझते हैं और भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा जारी निर्देशों एवं उप-निर्देशों पर हमें दी गई जानकारी एवं स्पष्टीकरणों के अनुसार, अनुलग्नक-ख में अपनी रिपोर्ट संलग्न कर रहे हैं।

3. अधिनियम की धारा 143(3) के अनुसार, हम रिपोर्ट करते हैं कि:

(क) हमने वे सभी सूचनाएँ और स्पष्टीकरण प्राप्त कर लिए हैं जो हमारी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार हमारे लेखापरीक्षा के प्रयोजनों के लिए आवश्यक थे।

(ख) हमारी राय में उल्लिखित अपवाद को छोड़कर कंपनी द्वारा कानून के अनुसार अपेक्षित उचित लेखा-पुस्तकों का रखरखाव किया गया है।

(ग) इस रिपोर्ट में विवेचित बैलेंस शीट, लाभ-हानि विवरण, नकदी प्रवाह विवरण और इक्विटी में परिवर्तन का विवरण लेखा-पुस्तकों से मेल खाते हैं।

(घ) हमारी राय में उपरोक्त अपवाद को छोड़कर उपर्युक्त स्वतंत्र वित्तीय विवरण अधिनियम की धारा 133 के तहत निर्दिष्ट भारतीय लेखा मानकों का अनुपालन करते हैं, जिसे कंपनी (लेखा) नियम, 2014 के नियम 7 के साथ पढ़ा जाना चाहिए।

(ङ) भारत सरकार के कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना संख्या जीएसआर 463 (ई) दिनांक 15 जून 2015 के अनुसार एक सरकारी कंपनी होने के नाते, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 164(2) के प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं होते हैं।

(च) कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पर्याप्तता और ऐसे नियंत्रणों की परिचालन प्रभावशीलता के संबंध में, इस रिपोर्ट के परिशिष्ट 'सी' में हमारी अलग रिपोर्ट देखें।

(छ) अधिनियम की धारा 197(16) के तहत लेखा परीक्षक की रिपोर्ट में शामिल किए जाने वाले मामलों के संबंध में:
कंपनी के कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी अधिसूचना संख्या जीएसआर 463 (ई) दिनांक 15 जून 2015 के अनुसार, कंपनी एक सरकारी कंपनी होने के नाते, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 197(16) के प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं होते हैं।

(ज) कंपनी (लेखापरीक्षा और लेखा परीक्षक) नियम, 2014, संशोधित के नियम 11 के अनुसार लेखा परीक्षक की रिपोर्ट में शामिल किए जाने वाले अन्य मामलों के संबंध में, हमारी राय में और हमारी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार तथा मुझे/हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार :

i. कंपनी के खिलाफ कोई भी लंबित मुकदमे नहीं हैं जो इसकी वित्तीय स्थिति को प्रभावित करेंगे।

ii. कंपनी के पास कोई भी दीर्घकालिक अनुबंध, जिनमें डेरिवेटिव अनुबंध भी शामिल हैं, नहीं हैं जिनके लिए कोई भी महत्वपूर्ण संभावित हानि हो सकती है।

iii. कंपनी द्वारा निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण कोष में कोई भी राशि हस्तांतरित करने की आवश्यकता नहीं थी।

iv. क) प्रबंधन ने यह दर्शाया है कि, उसकी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार, कंपनी द्वारा किसी अन्य व्यक्ति या संस्था, जिसमें विदेशी संस्थाएँ भी शामिल हैं (मध्यस्थ), को (चाहे लिखित रूप में दर्ज हो या अन्यथा) कोई भी धनराशि अग्रिम, ऋण या निवेश नहीं की गई है, इस समझ के साथ कि मध्यस्थ प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कंपनी द्वारा या उसकी ओर से किसी भी तरह से पहचाने गए अन्य व्यक्तियों या संस्थाओं (अंतिम लाभार्थी) को ऋण देगा या निवेश करेगा या अंतिम लाभार्थियों की ओर से कोई गारंटी, सुरक्षा या इसी तरह की कोई चीज़ प्रदान करेगा;

ख) प्रबंधन ने यह दर्शाया है कि उसकी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार, कंपनी को किसी भी व्यक्ति या संस्था, जिसमें विदेशी संस्थाएँ भी शामिल हैं (वित्तपोषक पक्ष), से कोई भी धनराशि इस समझ के साथ प्राप्त नहीं हुई है, चाहे वह लिखित रूप में दर्ज हो या अन्यथा, कि कंपनी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से, वित्तपोषक पक्ष द्वारा या उनकी ओर से किसी भी प्रकार से पहचाने गए अन्य व्यक्तियों या संस्थाओं (अंतिम लाभार्थी) को ऋण देगी या उनमें निवेश करेगी या अंतिम लाभार्थियों की ओर से कोई गारंटी, सुरक्षा या इसी तरह की कोई वस्तु प्रदान करेगी;

ग) परिस्थितियों में उचित एवं उपयुक्त समझी गई लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं के आधार पर हमारे संज्ञान में ऐसा कुछ भी नहीं आया है, जिससे हमें यह लगे कि उप-खंड (क) और (ख) के अंतर्गत दिए गए कथनों में कोई महत्वपूर्ण त्रुटि है।

v. कंपनी द्वारा वर्ष के दौरान कोई लाभांश घोषित या भुगतान नहीं किया गया है।

vi. कंपनी अपने लेखा-पुस्तकों के रखरखाव के लिए एक लेखा सॉफ्टवेयर का उपयोग करती है जिसमें लेखापरीक्षा लॉग (ऑडिट ट्रेल) रिकॉर्ड करने की सुविधा है। इस सॉफ्टवेयर का उपयोग पूरे वर्ष सॉफ्टवेयर में दर्ज सभी लेन-देनों के लिए किया जाता रहा है और कंपनी द्वारा अभिलेखों के वैधानिक रखरखाव संबंधी आवश्यकताओं के अनुसार लेखापरीक्षा ट्रेल को संरक्षित रखा गया है।

**कृते मेसर्स बी.एन. पाई एण्ड कंपनी**
चार्टर्ड अकाउंटेंट के लिए
फर्म पंजीकरण संख्या 008851S
**हस्ताक्षर**
**(सीए बी. नागेश पाई/एमजी)**
साझेदार
सदस्यता संख्या 204014

स्थान: बेंगलुरु
दिनांक: 01 दिसंबर 2025
UDIN : 25204014MHWGE5918

# स्वतंत्र लेखा परीक्षक की रिपोर्ट का अनुलग्नक 'क'

**(हमारी दिनांक की रिपोर्ट के 'अन्य कानूनी एवं नियामक आवश्यकताओं पर रिपोर्ट' अनुभाग के अनुच्छेद 1 में संदर्भित)**

**विषय: बेंगलुरु इंटीग्रेटेड रेल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एंटरप्राइज लिमिटेड (कंपनी)**

कंपनी द्वारा मांगी गई और दी गई सूचनाओं एवं स्पष्टीकरणों के आधार पर, तथा सामान्य लेखापरीक्षा के दौरान हमारे द्वारा जांचे गए लेखा–पुस्तकों और अभिलेखों के आधार पर, और हमारी सर्वोत्तम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार, हम यह कथन करते हैं कि:

(I) **क)** (अ) चूंकि कोई संपत्ति, संयंत्र एवं उपकरण नहीं हैं, इसलिए आदेश के खंड 3(i) (क)(क) के अंतर्गत रिपोर्टिंग कंपनी पर लागू नहीं होती है।

**ख)** चूंकि कंपनी के पास कोई अमूर्त परिसंपत्ति नहीं है, इसलिए आदेश के खंड 3(i)(क)(ख) के अंतर्गत रिपोर्टिंग लागू नहीं होती है।

(आ) चूंकि कंपनी के पास कोई संपत्ति, संयंत्र एवं उपकरण नहीं हैं, इसलिए आदेश के खंड 3(i) (ख) के अंतर्गत रिपोर्टिंग लागू नहीं होती है।

**ग)** कंपनी के पास कोई अचल संपत्ति नहीं होने के कारण, आदेश के खंड 3(i)(c) के अंतर्गत रिपोर्टिंग लागू नहीं होती है।

**घ)** कंपनी के पास कोई संपत्ति, संयंत्र एवं उपकरण या अमूर्त परिसंपत्ति नहीं होने के कारण, आदेश के खंड 3(i)(व) के अंतर्गत रिपोर्टिंग लागू नहीं होती है।

**ङ)** हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के आधार पर, बेनामी संपत्ति लेनदेन निषेध अधिनियम, 1988 (2016 में संशोधित) और उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के तहत कंपनी के विरुद्ध कोई कार्यवाही प्रारंभ नहीं की गई है।

(ii) **क)** चूंकि वर्ष के दौरान किसी भी समय कंपनी के पास कोई इन्वेंट्री नहीं थी, इसलिए आदेश के खंड 3(ii)(क) के अंतर्गत रिपोर्टिंग कंपनी पर लागू नहीं होती है।

**ख)** वर्ष के दौरान, कंपनी को चालू परिसंपत्तियों की सुरक्षा के आधार पर बैंकों से कुल मिलाकर 5 करोड़ से अधिक की कार्यशील पूंजी सीमा स्वीकृत नहीं की गई है। अतः आदेश के खंड 3(ळळ)(ख) के अंतर्गत रिपोर्टिंग कंपनी पर लागू नहीं होती है।

(iii) वर्ष के दौरान कंपनी ने कंपनियों, फर्मों, सीमित देयता भागीदारी या किसी अन्य पक्ष में निवेश नहीं किया है, ऋण प्रदान नहीं किए हैं, ऋण के रूप में अग्रिम नहीं दिए हैं, गारंटी नहीं दी है या सुरक्षा प्रदान नहीं की है। अतः आदेश के खंड 3(iii) के अंतर्गत रिपोर्टिंग की आवश्यकता कंपनी पर लागू नहीं होती है।

